प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.-सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
23, सैक्टर-7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल-100) लखनऊ-226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः- 2578/01/29/HFA/2019-20 दिनांकः- 02 जुलाई, 2019

समस्त सीएलटीसी इंजीनियर
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः-<u>प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत PMAY Award-2019 हेतु पूर्ण आवासों के फोटोग्रास/वीडियों के सम्बन्ध में।</u>

उपर्युक्त विषयक अवगत हों कि दिनांक 04.06.2019 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड-2019 के लिए प्रत्येक निकाय से 03 सबसे अच्छे पूर्ण आवासों के एच0डी0 फोटोग्राफ एवं लाभार्थी द्वारा बनाये गये वीडियो को मोबाइल एप के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किये जाने हैं।

उक्त मोबाइल एप के संचालन/प्रशिक्षण हेतु दिनांक 05.07.2019 को सूडा मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 05.07.2019 को प्रातः 10.00 बजे जनपद में नियुक्त संस्था के जिला समन्वयक (तकनीकी) के साथ प्रत्येक दशा में सूडा मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

<u>संलग्नकः</u>-एप के माध्यम से प्रेषित की जाने वाली सूचनाओं का प्रारूप

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

<u>प्रतिलिपिः-</u>

1. परियोजना अधिकारी/सहा0परि0अधि0, समस्त जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0
2. समस्त डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को इस निर्देश के साथ अपने स्तर से भी जनपद में नियुक्त जिला समन्वयक (तकनीकी) को तद्दिनांक को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

HFAGen/105

Scanned by CamScanner